State sector or private sector before the proposal is further considered by them for accord of techno-economic clearance. These details have not been received from APSEB. Clearances from Ministry of Environment & Forests and Central Water Commission is also to be obtained by the APSEB.

नजफगढ़ में बिजली की कमी

975. **श्री अनन्त राम जायसवाल :** क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली के नजफगढ़ के ढासा गांव के निवासियों ने बिजली की निर्बाध पूर्ति न होने के कारण 11 जुलाई, 1991 को सड़क-मार्ग अवरुद्ध कर दिया था ;

(ख) यदि हां, तो इस गांव में कब से बिजली की पूर्ति अनियमित है; और

(ग) क्या उक्त शिकायत को दूर करने के लिए कोई कार्यवाही की गई थी; यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) : (क) से (ग) डेसू के अनुसार, दिनांक 11-7-91 को ासा गांव के कुछ निवासियों द्वारा मार्ग अवरुद्ध किए जाने की घटना से पूर्व 4-5 दिन के लिए ढासा गांव मे बिजली की आपूर्ति में व्यवधान हुआ था । एक फीडर केबिल के क्षति-ग्रस्त होने एवं गड़बड़ी को सुधारने में अपेक्षाकृत अधिक समय निहित होने के कारण विद्युत आपूर्ति में व्यवधान हुआ । केबिल की गड़बड़ी को सुधारने के बाद दिनांक 11-7-91 को विद्युत आपूर्ति सामान्यहो गई थी ।

आयातित पेट्रोल और कच्चे तेल के मूल

976. **श्री राम अवधेश सिंह :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि इस समय सरकार द्वारा आयातित पेट्रोल और कच्चे तेल का प्रति बैरल मूल्य कितना-कितना है और इसकी ढुलाई और इसके परिशोधन पर प्रति बैरल कितनी राशि खर्च होती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : भारत इस समय पेट्रोल का आयात नहीं कर रहा है । अप्रैल, 1991 से जून, 1991 की अवधि के लिए जिस कच्चे तेल का आयात किया गया है उसका औसतन मूल्य 16.47 डालर प्रति बैरल है । कच्चे तेल ढोने की परिवहन लागत कच्चे तेल के आपूर्ति स्त्रोत केन्द्र और रिफाइनरी के स्थान पर निर्भर करेगी । प्रत्येक रिफाइनरी की रिफाइनिंग लागत अलग-अलग होती है जोकि विभिन्न बातों यथा कितनी पुरानी रिफाइनरी है, प्रयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकी और कच्चे तेल के मिश्रण इत्यादि पर निर्भर करती है ।

पंजाब में बिजली की कमी

977. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पंजाब में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए वहां बिजली की कमी को पूरा करने के लिए प्रभारी कदम उठाये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि चालू वर्ष के दौरान राज्य में बिजली की अधिकतम मांग 3,500 मेगावाट तक होने की सम्भावना है; और